
Bipin Nambiar
(SBI PO 2018)
Shiraz Khan
(SBI Clerk 2018)
Kuldeep Yadav
(SBI PO 2018)
Rajat Saxena
(IBPS Clerk 2018)
Anupam Tyagi
(IBPS PO 2018)
FRIENDS!
WE USED TESTZONE
AND CRACKED BANK EXAMS
बैंक परीक्षाओ के लिए निश्चित
रूप से सर्वश्रेष्ट मॉक
टेस्ट सीरीज
IT'S YOUR TURN NOW
TAKE A FREE MOCK TEST
Smartkeeda
The Question Bank

## Word Replacement Questions for RRB Scale I Mains & RRB Office Assistance Mains

### Hindi Word Replacement Quiz 2

**दिशा-निर्देश : दिए गए वाक्य में एक शब्द को बोल्ड किया गया है, जो वर्तनी, वाक्य प्रयोग अथवा व्याकरण की दृष्टि से अनुपयुक्त हो सकता है। यदि शब्द अनुपयुक्त है तो दिए गए विकल्पों में से सही शब्द का चयन कर उत्तर दें अन्यथा विकल्प E को सही उत्तर चुनें।**

1. अमेरिका के फैसले के बाद तो इसकी **तनाव** बढ़ी है कि कहीं विश्व स्वास्थ संगठन पर चीन का प्रभाव और न बढ़ जाए।

A. आशंका B. व्याकुलता C. खतरा
D. भय E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

2. विश्व स्वास्थ्य संगठन के कमजोर होने का मतलब है उस वैश्विक तंत्र का **मजबूत** होना जो तरह-तरह की बीमारियों को लेकर दुनिया को आगाह करने के साथ उनसे निपटने के तौर-तरीके बताता है।

A. ताकतवर B. शिथिल C. संपन्न
D. आगे E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

3. चीन से **मिलता** इस महामारी ने दुनिया भर को जिस बड़े पैमाने पर अपनी चपेट में लिया उसका सामना करने के लिए कोई भी देश तैयार नहीं था।

A. प्रसारित B. निकली C. A और B दोनों
D. प्रस्तुत E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

4. अगर सितंबर में परीक्षाएं कराने की **संभव** नहीं बनी तो क्या होगा?

A. हालत B. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
C. स्थिति D. अनुमान E. उपरोक्त सभी

5. हिंसक **विवादित** की घटना के बाद तनावपूर्ण माहौल के बीच भी भारत ने अलग-अलग तरीकों से यह बात स्पष्ट कर दी है कि अपनी एक-एक इंच जमीन को लेकर वह पूरी तरह सजग है।

A. शांति B. झड़प C. विवाद
D. B और C दोनों E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

6. कोरोना संक्रमितों की लगातार **बढ़ती** संख्या देश के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन गई है।

A. अधिक B. ज्यादा C. मिलती
D. उपरोक्त सभी E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

7. बहरहाल, भारत-चीन सीमा पर **तनाव** की जरूरत से किसी भी स्थिति में इनकार नहीं किया जा सकता।

A. युद्ध　B. लड़ाई　C. शांति

D. उपरोक्त सभी　E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

8. यह अच्छी बात है कि दोनों पक्षों ने इस बात को स्वीकार करते हुए **आज** की दिशा में कदम बढ़ाने शुरू किए हैं।

A. अच्छाई　B. शांति　C. सच्चाई

D. उपरोक्त सभी　E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

9. चीन सरकार द्वारा वहां इसी सप्ताह सख्त सुरक्षा कानून लागू किए जाने के बाद अमेरिका ने चीन पर पाबंदियां लगाने वाला कानून लाने की **प्रक्रिया** शुरू कर दी है।

A. तरीका　B. विधि　C. आदेश

D. निर्णय　E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

10. विशेषज्ञ महसूस कर रहे हैं कि भारत में कोरोना से जुड़ी **साजिश** जितनी आसानी से मुहैया करवाई जानी चाहिए, वह काम अभी नहीं हो रहा है।

A. घटना　B. जानकारी　C. सूचनाएं

D. B और C दोनों　E. परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

Smartkeeda
The Question Bank

**Correct answer:**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | C | D | E | C | D | E | D |

**Explanation:**

**1.** उपरोक्त वाक्य में प्रयोग किया गया शब्द "तनाव" वाक्य के सन्दर्भ में एकअनुपयुक्त शब्द है।

दिए गए वाक्य के गहन अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि यदि हम दिए गए शब्दों के स्थान पर "खतरा" या "भय" का प्रयोग करते है तो हमे शब्द-समूह "इसकी ही खतरा बढ़ी है" अथवा "इसकी भय बढ़ी है" प्राप्त होता है जो की लिंग चयन के दृश्टिकोण से अशुद्ध है, क्योकि शब्द "खतरा" और "भय" दोनों ही पुल्लिंग है, जबकि वाक्य के अनुसार हमे एक स्त्रीलिंग शब्द का चयन करना है।

यदि हम विकल्प B को दिए गए शब्द के स्थान पर रखते है तो शब्द समूह "व्याकुलता बढ़ी है" प्राप्त होता है ,जो कि उपरोक्त वाक्य का एक स्पष्ट आशय प्रकट नहीं कर रहा है। यदि हम दिए गए शब्द के स्थान पर "आशंका" रखते है तो हमे शब्द-समूह "आशंका बढ़ी है" प्राप्त होता है जो कि इस वाक्य का सही आशय प्रकट करता है।

अतः विकल्प A सही उत्तर है।

**2.** उपरोक्त वाक्य में शब्द "मजबूत " का प्रयोग वाक्य के सन्दर्भ में एक अनुपयुक्त चयन है।

दिए गए वाक्य के गहन अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि जहा वाक्य के प्रथम भाग में विश्व स्वास्थ्य संगठन के कमजोर होने की बात कही गयी है वही वाक्य के दूसरे भाग में विश्व स्वास्थ्य संगठन के मजबूत होने की बात कही गयी है। दोनों ही बातें आपस में अंतर्विरोध प्रकट कर रही है। यदि हम विकल्प A,C,D में दिए गए शब्दों को वाक्य के शब्द के स्थान पर प्रयोग करते है तो हमे इस वाक्य का स्पष्ट आशय नहीं मिल रहा है।

यदि हम वाक्य में दिए गए शब्द के स्थान पर विकल्प B के शब्द का प्रयोग करते है तो हमे शब्द-समूह "वैश्विक तंत्र का शिथिल होना" प्राप्त हो रहा है जो कि उपरोक्त वाक्य का एक स्पष्ट आशय प्रकट कर रहा है।

अतः विकल्प B सही चयन है।

**3.** उपरोक्त वाक्य में प्रयोग किया गया शब्द "मिलता" वाक्य के सन्दर्भ में एक अनुपयुक्त शब्द है।

वाक्य में यदि हम दिए गए शब्द के स्थान पर विकल्प D के शब्द "प्रस्तुत" का प्रयोग करते है तो हमे शब्द समूह "चीन से प्रस्तुत" प्राप्त होता है जो कि वाक्य का स्पष्ट आशय प्रकट नहीं कर रहा है। अतः इस विकल्प को ख़ारिज किया जा सकता है।

Smartkeeda
The Question Bank

दिए गए वाक्य के गहन अध्ययन से हमें यह प्राप्त होता है कि यहाँ चीन की महामारी और उसका इस पूरी दुनिया पर पड़े उसके असर का जिक्र किया गया है कि कैसे इस महामारी का सामना करने के लिए कोई भी देश तैयार नहीं था। यहाँ महामारी का उद्गम स्थान चीन वर्णित है तथा उसका प्रभावक्षेत्र पूरी दुनिया वर्णित है। अतः उपरोक्त सभी विकल्पों में से शब्द "निकली" अथवा "प्रसारित" इस वाक्य का एक स्पष्टआशय प्रकट कर रहे है।

अतः विकल्प C सही चयन है।

**4.** उपरोक्त वाक्य में प्रयोग किया गया शब्द "संभव" वाक्य के सन्दर्भ में एक अनुपयुक्त शब्द है।

यदि हम दिए गए शब्द के स्थान पर विकल्प A और D के शब्दों का प्रयोग करते है तो हमे शब्द-समूह "कराने की हालत नहीं बनी" तथा "कराने की अनुमान नहीं बनी" प्राप्त होता है , जो कि लिंग चयन के दृष्टिकोण से एक गलत चयन है। यहाँ दिए गए विकल्पों शब्द "हालत" और "अनुमान" दोनों ही पुल्लिंग है जबकि वाक्य के दृष्टिकोण से हमे एक स्त्रीलिंग शब्द का चयन करना है। अतः हम इन दोनों विकल्पों को ख़ारिज कर सकते है।

यदि हम दिए शब्द के स्थान पर विकल्प C के शब्द का प्रयोग करते है तो हमे शब्द-समूह "कराने की स्थिति नहीं बन" प्राप्त होता है जो की वाक्य के दृश्टिकोण से एक उचित चयन है।

अतः विकल्प C सही चयन है।

**5.** उपरोक्त वाक्य में शब्द "विवादित" का चयन उपयुक्त नहीं है।

दिए गए शब्द के स्थान पर यदि हम विकल्प B और C के शब्द का प्रयोग करते है तो हमे वाक्य-समूह "हिंसक विवाद की घटना", तथा "हिंसक झड़प की घटना" प्राप्त होता है जो कि वाक्य का उपयुक्त आशय प्रकट करता है। जबकि दिए गए शब्द के जगह पर यदि हम विकल्प A के शब्द का प्रयोग करते है तो हमे शब्द-समूह "हिंसक -शांति" प्राप्त होता है,जो कि वाक्य का स्पष्ट आशय प्रकट करने में असमर्थ है ,क्योकि शांति कभी भी हिंसक नहीं हो सकती है।

अतः विकल्प D सही चयन है।

**6.** उपरोक्त दिए गए वाक्य में शब्द "बढ़ती" का प्रयोग उपयुक्त है। यदि हम इस वाक्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करते है तो हमे यह ज्ञात होता है कि यह वाक्य पूर्णतः त्रुटिहीन है।

अतः विकल्प E सही चयन है।

**7.** उपरोक्त दिए गए वाक्य में शब्द "तनाव" का चयन अनुपयुक्त है।

यदि हम दिए गए शब्द का गहन अध्ययन करते है तो हमे यह ज्ञात होता है कि भारत-चीन सीमा पर "तनाव","लड़ाई" या "युद्ध" की जरुरत ये सभी शब्द समूह इस वाक्य का स्पष्ट और पूर्ण आशय

Smartkeeda
The Question Bank

प्रकट नहीं कर रहे है, क्योकि कोई भी देश अपनी सीमा पर युद्ध या तनाव की जरुरत महसूस नहीं कर सकता है। अतः हम विकल्प A और B के शब्द को ख़ारिज कर सकते है।

यदि हम दिए गए शब्द के स्थान पर विकल्प C के शब्द का प्रयोग करते है तो हमे शब्द-समूह "सीमा पर शांति की जरुरत" प्राप्त होता है जो कि इस वाक्य का स्पष्ट आशय प्रकट कर रहा है।

अतः विकल्प C सही चयन है।

**8.** उपरोक्त वाक्य में शब्द "आज" इस वाक्य का स्पष्ट आशय प्रकट नहीं कर रहा है, अतः इसका चयन अनुपयुक्त है।

यदि हम दिए गए शब्द के स्थान पर विकल्प A और C में दिए गए शब्द "अच्छाई" और "सच्चाई" का प्रयोग करते है तो हमे शब्द-समूह "अच्छाई की दिशा" तथा "सच्चाई की दिशा" प्राप्त होता है, जो कि इस वाक्य का स्पष्ट आशय प्रकट कर रहा है।

यदि हम दिए गए शब्द के स्थान पर विकल्प B के शब्द का प्रयोग करते है तो हमे शब्द-समूह "शांति की दिशा" प्राप्त होती है जो कि इस वाक्य का सही और स्पष्ट अर्थ प्रकट कर रहा है।

अतः विकल्प D सही चयन है।

**9.** यदि हम उपरोक्त वाक्य का गहन अध्ययन करते है तो हमे यह स्पष्टआशय प्राप्त होता है कि इस वाक्य में शब्द "प्रक्रिया" इस वाक्य का स्पष्ट और अर्थपूर्ण आशय प्रकट कर रहा है, अतः यह एक उपयुक्त चयन है। अतः इस वाक्य में कोई परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

अतः विकल्प E सही चयन है।

Smartkeeda
The Question Bank

**10.** उपरोक्त वाक्य में शब्द "साजिश" का प्रयोग वाक्य के सन्दर्भ में अनुपयुक्त है।

यदि हम इस वाक्य का गहन अध्ययन करते है तो हमे यह आशय प्राप्त होता है कि कोरोना से जुडी अधिक से अधिक जानकारी एवं सूचनाओं का आसानी से मुहैया होना इस बीमारी से लड़ने के लिए महत्वपूर्ण है। अतः विकल्प B और C के शब्द दिए गए शब्द के स्थान पर रखने पर हमे वाक्य का एक स्पष्ट आशय प्राप्त होता है। यदि हम वाक्य में गए शब्द पर विकल्प A के शब्द का प्रयोग करते है तो हमे वाक्य-समूह "कोरोना से जुडी घटना" प्राप्त होता है जो कि इस वाक्य का स्पष्ट आशय प्रकट करने में असमर्थ है।

अतः विकल्प D सही चयन है।

SmartKeeda
The Question Bank

Presents

# TestZone

India's least priced Test Series platform

JOIN

## ALL BANK EXAMS

2020-2021 Test Series

@ Just

₹599/-

300+ Full Length Tests

- Brilliant Test Analysis
- Excellent Content
- Unmatched Explanations

JOIN NOW